Sajal
Date : / /20
Page :

गोबिंद वल्लभ पंत मैमोरियल कॉलेज
रामपुर बुशैहर, जिला शिमला
-172001

विद्यार्थियों ने राष्ट्रनिर्माण एवं सहयोग की भावना जागृत करने के लिए महाविद्यालय मे कार्यक्रम अधिकारी प्रो प्रोफेसर, डॉ. अनिता कुमारी और डॉ. विपन शर्मा के नेतृत्व मे दो इकाइयाँ कार्यरत हैं। इसमे २०० से अधिक स्वयंसेवक पंजीकृत हैं।

आज दिनांक २५ दिसम्बर २०२२ से ३१ दिसम्बर २०२२ तक सात दिवसीय वार्षिक शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं, जिसमें लगभग १०० स्वयंसेवको ने भाग लिया। इस शि-विर का सम्पूर्ण आयोजन, संचालन तथा स्वयंसेवको का मार्गदर्शन डॉ. अनिता कुमारी और डॉ. विपन शर्मा द्वारा किया गया।

दिवस 1 25 दिसम्बर 2022

आज का दिन उमंग व उत्साह से भरा था, महाविद्यालय में सात दिवसीय कैंप का आयोजन (शुभारंभ) प्रातः 9:00 बजे किया गया। सभी पंजीकृत स्वयंसेवी व कार्यक्रम अधिकारी द्वारा शिविर के आरम्भ के लिए मिल जुलकर कैंप का आगाज़ किया, पहले दिवस शिविर का आरम्भ डॉ. टी. डी. वर्मा जी द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में किया गया। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पहले दिवस के कार्यों की संक्षिप्त जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि द्वारा स्वयंसेवकों को प्रेरक विचारों, सिद्धांतों व आदर्शों से अवगत करवाया व अपने जीवन के कई मूल्यवान अनुभवों को छात्रों से साझा किया

तत्पश्चात सभी स्वयंसेवी अपने कार्य में लग गए, पहले दिवस विज्ञान विभाग के सामने का क्षेत्र साफ किया गया, पौधों की क्यारियां तैयार की गई, क्षेत्र को अधिक आकर्षक बनाने का प्रयत्न किया गया तथा छात्रावास (Boys) के आस-पास के क्षेत्र को पूर्ण रूप से स्वच्छ किया गया तथा कूड़े को अलग-2 सही ढंग से कम्पोज के लिए भेजा गया पहला दिवस स्वच्छता से आरंभ हुआ व पर्यावरण संरक्षण के संदेश से अंत हुआ।

Sajal
Date / /20
Page






दिवस 2      26 दिसम्बर 2022

वार्षिक शिविर का दूसरा दिन, कार्यक्रम अधिकारी इकाई 1 व 2 द्वारा सभी स्वयंसेवों को लगभग सात गुटों में बांट कर रचोली (ग्राम पंचायत) में एक दिवसीय जागरूकता अभियान के लिए भेजा गया।
सभी एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा भिन्न-भिन्न सामाजिक कुरीतियों को आम जनता के समक्ष रखा गया, इनकी समस्याओं व विचारों को एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता और समाधान के दृष्टिकोण से समझने का प्रयत्न किया।

Plantation, Water Pollution, Drug Addiction, Health Awareness, Use & Misuse of Mobile Phones or Social Media, Environment Protection or Care and Individual Responsibility towards society in order to make it more aware and healthy. इन सभी विषयों पर एन एस एस स्वयंसेवकों द्वारा जनों से बात-चीत, गुटों में चर्चा, चार्ट द्वारा संदेश का प्रचार-प्रसार इत्यादि का कार्य किया गया। इस एक दिवसीय जागरूकता अभियान में ग्राम पंचायत रचोली के प्रधान, उपप्रधान तथा अन्य पंचों का सहयोग मिला।
उसी दिवस हमारे Resource Person रहे डॉ सत-पाल सर जिन्होंने हमें G20, भारत की G20 में भूमिका, अध्यक्षता, उपलब्धियों व

G20 की पृष्ठभूमि, उनसे जुड़े विभिन्न तथ्यों को स्वयंसेवकों के समक्ष रखा। सभी स्वयंसेवकों ने [illegible] से G20 से जुड़े सभी प्रश्नों का हल ढूंढने का प्रयत्न किया।






Sajal Date: / /20 Page:

दिवस 3 27 दिसम्बर 2022

एन एस एस वार्षिक शिविर का तीसरा दिन महाविद्यालय कैंपस में सभी स्वयंसेवकों द्वारा अपनी सम्पूर्ण गतिविधियों को अंजाम दिया गया। कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशानुसार महाविद्यालय के विभिन्न हिस्से जो यूँ ही बेजान व अस्वच्छ रहते थे, उनकी सम्पूर्ण सफाई तथा उन्हें और भी अधिक आकर्षक बनाने का जिम्मा सौंपा गया। उस सभी स्वयंसेवकों को गुटों में बांटकर, विभिन्न क्षेत्रों में भेज दिया गया।

प्रातः 9:30 से 12:00 P.M तक सभी गुट अपने-अपने कार्य में लगे रहे, तत्पश्चात रामपुर बुशहर के D.S.P श्री चन्द्रशेखर कायत द्वारा एन एस एस स्वयंसेवकों के साथ महाविद्यालय के अन्य छात्रों को भी Pocso Act से पूर्णतः अवगत करवाया, उनकी विशेष धाराओं, सजा के प्रावधानों को सभी स्वयंसेवकों के समक्ष रखा गया।

उसके पश्चात दोपहर के भोजन का समय व उसके बाद श्री अभिशेष शर्मा जो Business Development Manager SBI तथा रॉनी कायत Associate Sinior S.B.I Rampur Bushahr द्वारा सभी स्वयंसेवकों को E-Banking, Insurance, Banking Exams से संबंधित बहुमूल्य जानकारी प्रदान की। यह एक प्रकार का सामाजिक / वैधानिक जागरूकता तथा E-Banking व Banking

Exams की जानकारी का निचोड़ दिया। कई कॉमर्स तथा राजनीतिक विज्ञान के छात्रों की इसमें सहभागिता रही।






Sajal
Date: / /20
Page:

दिवस 4 28 दिसम्बर 2022

एन एस एस वार्षिक शिविर का चौथा दिवस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी एन एस एस स्वयंसेवकों को सांस्कृतिक गतिविधियों रूप से अवगत कराया। सभी स्वयंसेवी नवी उत्साह व मनोबल से सांस्कृतिक प्रस्तुति में लग गए, सभी स्वयंसेवी ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से शिविर की रौनक बढ़ाई, जिसमें हमारे कार्यक्रम अधिकारी ने भी अपनी सह-भागिता सुनिश्चित की।

इसी दिवस पर हमारे विशेष वक्ता डॉ. नीतू पान्टा Medical Officer in Aryuvedic Hospital Rampur Bushahr। उन्होंने हमें आयुर्वेद, उसकी महत्ता, स्वास्थ्य नियम, आयुर्वेद के नवीन स्वरूपों तथा आधुनिक आयुर्वेदिक प्रचार-प्रसार व इसके कार्यक्षेत्र से अवगत करवाया।

सभी एन एस एस स्वयंसेवी इस दिवस, सांस्कृतिक गतिविधियों को (हिमाचली, पंजाबी, बॉलीवुड) मंच पर प्रस्तुत कर सभी महाविद्यालय के छात्रों का मन प्रफुलित हो उठा।

एक ओर सांस्कृतिक गतिविधियों व दूसरी ओर आयुर्वेद के अमूल्य ज्ञान ने एन एस एस शिविर के चौथे दिवस को सफल बनाया।


TIONAL SERVICE SCHEME
BUT YOU






NATIONAL SERVICE SCHEME

दिवस 5 29 दिसम्बर 2022

एन.एस.एस. स्वयंसेवी वार्षिक शिविर के पाँचवें दिन, न कोई थकान न ही कोई आलस्य। सभी स्वयंसेवी ने पाँचवां दिन महाविद्यालय परिसर के बाहर ही व्यतीत किया। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा हमें Ayurvedic Hospital Rampur Bushahr ले जाया।

वहाँ का दौरा, सभी स्वयंसेवकों के लिए काफी नया था। राजकीय चिकित्सालय में हमें आयुर्वेद के विभिन्न उपकरणों, इलाज के विभिन्न ढंगों (पंचकर्मा) से अवगत करवाया। नए-नए यंत्रों, उनकी उपयोगिताओं को हमारे समक्ष रखा गया। यह एक नया अनुभव था, जिसे हम कभी भूला नहीं सकते।

दोपहर के भोजन के पूर्व, सभी स्वयंसेवी रामपुर बुशहर के विभिन्न विद्यालयों में गए, वहाँ ग्रुप बनाकर विभिन्न विषयों पर स्वयंसेवकों ने छात्रों को (छात्रों-नों) जागरूक किया

Use and Misuse of Mobile Phones, Menstruation awareness, HIV & AIDS, Tricks of Hand Washing, Discussion on Career Topics and many [illegible] सभी विद्यार्थियों के मैत्रीपूर्ण स्वभाव तथा छात्र। छात्राओं की मैत्रिपूर्ण प्रतिक्रिया ने हमारे जागरूकता अभियान को सफल बनाया।

उसी दिवस शाम के समय हमारे विशेष (मुख्य) वक्ता रहे, Mrs Ranju Bala Pktim Block Co-ordinator of Swach Bharat Mission. उन्होंने सभी स्वयंसेवकों को व्यक्तिगत स्तर से सामुदिक समुदायिक स्तर तक स्वच्छता तथा कूड़े के बेहतरीन उपयोग के विभिन्न प्रतिमानों को हमारे समक्ष रखा गया। ये ऐसे प्रतिमान थे जो विभिन्न क्षेत्रों में काफी सीमा तक सफल रहे। इन्हीं के सहायता से महाविद्यालय में भी कई प्रतिमानों को स्थापित किया जा रहा है।




GPS Map Camera
रामपुर बुशहर, हिमाचल प्रदेश, भारत
172001, भारत




GPS Map Camera
रामपुर बुशहर, हिमाचल प्रदेश, भारत












दिवस 6 30 दिसम्बर 2022

एन एस एस वार्षिक शिविर अपने अंतिम चरण की ओर, सभी स्वयंसेवी महाविद्यालय सभा में एकत्रित हो गए, वहां रेंजर ,NCC कैडिस संग NDRF (National Disaster Response Force) द्वारा हमें दीक्षा दी गई, जिसमें हमें आपदा के समय घायलों की सहायता, CPR की प्रक्रिया से अवगत करवाया।

सभी एन एस एस स्वयंसेवकों ने इस आपदा प्रबंधन अभियान में जागरूकता से अपनी सहभागिता को दर्ज किया।

तत्पश्चात सभी स्वयंसेवी एन एस एस वार्षिक दिवस के अंतिम दिन की तैयारियों में लग गए।





दिवस 7 31 दिसम्बर 2022

2022 तथा हमारे वार्षिक शिविर का अंतिम दिन, एक ओर नए वर्ष के आने की खुशी तथा दूसरी ओर शिविर के समापन का दुःख भी।

दिन की शुरुआत, सभी स्वयंसेवी सभागार में उपस्थित हुए, सभी गुटों द्वारा Closing Day मनाने के लिए अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया गया। कुछ स्वयंसेवी सांस्कृतिक गतिविधियों मंच सजावट, खान-पान की व्यवस्था इत्यादि में संलग्न थे।

दिन का शुभारंभ 11:00 बजे से हुआ, हमारे कार्यक्रम अधिकारी द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. पी. सी. आर. नेगी जी का मुख्य अतिथि के रूप में स्वागत किया, महाविद्यालय का सभागार पूर्ण रूप से छात्रों से भरा था।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना, वार्षिक रिपोर्ट, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, नाटक इत्यादि द्वारा हुई। NSS Day पर आयोजित की गई सभी प्रतियोगिताओं (भाषण, नारा लेखन, चार्ट मेकिंग) के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।

अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा सभी एनएसएस स्वयंसेवकों का मनोबल बढ़ाया गया। कार्यक्रम अधिकारी द्वारा भी कैंप के समापन

Date: / /20
Page:

की घोषणा की गई। सभी स्वयंसेवकों ने नाच-गाकर अपनी खुशी जताई तथा सभी को नववर्ष की बधाई देते हुए, भावुकता से वार्षिक शिविर २०२२-२३ का अंत हुआ

Dr. Anita Kumari

Dr. Vipan Sharma

PRINCIPAL
Principal
G. B. Pant Memorial
Govt. Degree College,
Rampur Bushahr (H.P.)